Current Affairs

Pinnacle® Career Institute

- “स्थायी स्वच्छता” के लिए पहली क्षेत्रीय समीक्षा बैठक नागपुर में हुई
- दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना का निधन
- भारत और ब्रिटेन गंगा डेल्टा क्षेत्र और बंगाल की खाड़ी पर शोध करेंग
- संजय मिश्रा को 3 महीने के लिए अंतरिम ईडी प्रमुख नियुक्त किया
- सौरव कोठारी ने विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप खिताब जीता

- दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना की लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे। बीजेपी के एक अनुभवी नेता खुराना 1993 से 1996 तक दिल्ली के मुख्यमंत्री थे और 2004 में राजस्थान के राज्यपाल नियुक्त किए गए थे।

- Former Delhi chief minister Madan Lal Khurana passed away after a prolonged illness. He was 82. A veteran of the BJP, Khurana was the chief minister of Delhi from 1993 to 1996 and was appointed the governor of Rajasthan in 2004.

- भारत के सौरव कोठारी ने 2018 डब्ल्यूबीएल विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप खिताब जीतने के लिए सिंगापुर के पीटर गिलक्रिस्ट को हराया। पूर्व राष्ट्रीय और एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियन पिछले दो वर्षों में दो मौकों पर प्रतिष्ठित विश्व बिलियर्ड्स चेंपियनशिप जीतने से चूक गये थे।

- India’s Sourav Kothari defeated Peter Gilchrist of Singapore to clinch the 2018 WBL World Billiards Championship title. The former national and Asian Billiards champion was pipped at the post for the coveted World Billiards crown on two occasions in the last two years.

- उपभोक्ता मामले विभाग और राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) ने एक साथ मिलकर नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में राज्य आयोगों और जिला मंचों के कामकाज की समीक्षा के लिए सम्मेलन आयोजित किया। इस सम्मेलन में राज्य आयोगों के अध्यक्षों और राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के उपभोक्ता मामले के सचिवों ने भाग लिया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता उपभोक्ता मामले, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं वाणिज्य और उद्योग राज्यमंत्री श्री सी. आर. चौधरी और एनसीडीआरसी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति आर. के. अग्रवाल ने किया।

- The Department of Consumer Affairs, Government of India along with National Consumer Disputes Redressal Commission (NCDRC) jointly organized a Conferenceat Vigyan Bhawan New Delhi to review the functioning of the State Commissions and District Fora. The Conference was attended by Presidents of State Commissions and Secretaries in charge of Consumer Affairs of States and UTs. The Conference was presided over bythe Minister of State for Consumer Affairs, Food, Public Distribution & Commerce and Industry, Shri C.R. Chaudhary, and President, NCDRC, Justice R. K. Agarwal.

- भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय ने महाराष्ट्र के जल आपूर्ति एवं स्वच्छता विभाग के सहयोग से स्थायी स्वच्छता को लेकर क्षेत्रीय समीक्षा बैठकों की श्रंखला में पहली ऐसी बैठक का आयोजन किया। ये क्षेत्रीय समीक्षा नागपुर में आयोजित की गई जिसमें ग्रामीण स्वच्छता का जिम्मा संभालने वाले राज्य सचिवों, मिशन निदेशकों और अन्य राज्य स्वच्छ भारत मिशन अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इनके अलावा महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात के 25 जिलों के प्रतिनिधि भी इसमें मौजूद थे। इस समीक्षा बैठक की अध्यक्षता पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय के सचिव श्री परमेश्वरन अय्यर ने की।

- The Ministry of Drinking Water and Sanitation, Government of India, in coordination with the Water Supply and Sanitation Department, Government of Maharashtra, organized the first in a series of regional review meetings on Sustainable Sanitation. The regional review was held in Nagpur, attended by State Secretaries in-charge of rural sanitation, Mission Directors, and other State Swachh Bharat Mission (SBM) officials, including representatives from 25 districts from Maharashtra, Madhya Pradesh, Chhattisgarh and Gujarat. The review meeting was chaired by Mr. ParameswaranIyer, Secretary, Ministry of Drinking Water and Sanitation.

- 23 वर्षीय भारतीय वैज्ञानिक रूपम शर्मा ने अपने आविष्कार, मेनोव के लिए विश्व स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन स्टार्टअप पुरस्कार 2018 जीता है। यह दृष्टिहीन लोगों के लिए दुनिया की पहली बुद्धिमता व्यक्तिगत सहायक प्रणाली है। हाल ही में बर्लिन में स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन की वार्षिक बैठक में शर्मा को सम्मानित किया गया था।

- Roopam Sharma, a 23-year old Indian scientist, won the World Health Summit Startup award, 2018 for his invention, Manovue. It is the world's first intelligent personal assisting system for the visually impaired. Sharma was awarded at an annual event of the health summit in Berlin recently.

- सरकार ने आईआरएस अधिकारी संजय कुमार मिश्रा को तीन महीने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अंतरिम निदेशक के रूप में नियुक्त किया क्योंकि मौजूदा प्रमुख कर्णल सिंह 28 अक्टूबर को सेवानिवृत्त होंगे। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने यह भी कहा कि उसने वित्तीय जांच एजेंसी के प्रिंसिपल स्पेशल डायरेक्टर के पद पर मिश्रा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

- The government appointed IRS officer Sanjay Kumar Mishra as the Interim Director of the Enforcement Directorate (ED) for three months as incumbent Karnal Singh will retire on October 28. The Appointments Committee of the Cabinet (ACC) also said that it has approved Mishra's appointment to the post of Principal Special Director of the financial probe agency.

- भारत और यूनाइटेड किंगडम गंगा डेल्टा क्षेत्र और बंगाल की खाड़ी के विभिन्न पहलुओं पर शोध पर सहयोग करेंगे। संसाधनों के संदर्भ में भारत के लिए बंगाल की खाड़ी भी महत्वपूर्ण है और देश की जीवन रेखा दक्षिणपश्चिम मानसून पर भी इसका असर पड़ता है। इस कार्यक्रम में बोलते हुए, भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त डोमिनिक असक्विथ ने कहा कि यूकेआरआई के माध्यम से साझेदारी ने अभिनव वैज्ञानिक और तकनीकी समाधान पैदा किए हैं जो "हमारे समाज और अर्थव्यवस्था दोनों को बदल देंगे।

- India and the United Kingdom will collaborate on research on different aspects of the Ganga delta region and the Bay of Bengal. The Bay of Bengal is also critical to India in terms of resources and also has an impact on the Southwest Monsoon, the lifeline of the country. Speaking at the event, British High Commissioner to India Dominic Asquith said the partnership through the UKRI has generated innovative scientific and technological solutions that will "transform both our societies and economies".

- तेज़ी से विकसित हो रहे डिजिटल संचार क्षेत्र के उत्साहजनक भविष्य की झलक दिखाने वाले बड़े आयोजन 'भारतीय मोबाइल कांग्रेस 2018' (आईएमसी) का आज समापन हो गया, जहां प्रतिभागियों और आयोजकों ने वादा किया कि वे अगले साल फिर लौटेंगे। इस साल के आयोजन का विषय "नए डिजिटल क्षितिज – जुड़ाव, सृजन और नवीनता रखा गया जिसने भारतीय मोबाइल कांग्रेस को डिजिटल संचार क्षेत्र के वैश्विक और स्थानीय साझेदारों के लिए एक नियमित मंच के तौर पर स्थापित किया जहां वे दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया पर विशेष ध्यान देते हुए अवसर तलाशने और संभावनाओं का लाभ लेने के लिए साथ सहयोग कर सकें। तीन दिनों के इस बड़े कार्यक्रम का उद्घाटन 25 अक्टूबर को केन्द्रीय संचार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री मनोज सिन्हा ने किया।

- India Mobile Congress(IMC) 2018 – a marquee event which provided a peep into the exciting future in the rapidly evolving area of digital communications – ended, with participants and organisers promising to be back next year. This year's event, with its' theme of "New Digital Horizons – Connect. Create. Innovate" established the IMC as a regular platform for global and local stakeholders in the sector to collaborate in the cause of exploring opportunities and leveraging possibilities, with specific focus on South and South-East Asia. The mega 3-day event was inaugurated on October 25 by Shri Manoj Sinha,Minister of State (Independent Charge) for Communications.